adda247

व.अ. (विशेष शिक्षक-SP) म.शि. परीक्षा-2018

E.D. - 4.7.19

पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या : 16
Number of Pages in Booklet : 16
पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या : 150
No. of Questions in Booklet : 150

प्रश्न-पत्र पुस्तिका संख्या / Question Paper Booklet No. 900481

# STSP-91

**Subject Code : 04**
**विषय / SUBJECT : HINDI**

## PAPER - II

**समय : 2.30 घण्टे**
**Time : 2.30 Hours**

**अधिकतम अंक : 300**
**Maximum Marks : 300**

**प्रश्न-पत्र पुस्तिका एवं उत्तर पत्रक के पेपर सील/पॉलिथीन बैग को खोलने पर परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि उसके प्रश्न-पत्र पुस्तिका पर वही प्रश्न-पत्र पुस्तिका संख्या अंकित है जो उत्तर पत्रक पर अंकित है । इसमें कोई भिन्नता हो तो वीक्षक से दूसरा प्रश्न-पत्र प्राप्त कर लें । ऐसा न करने पर जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी ।**
**The candidate should ensure that Question Paper Booklet No. of the Question Paper Booklet and Answer Sheet must be same after opening the Paper Seal / Polythene bag. In case they are different, a candidate must obtain another Question Paper. Candidate himself shall be responsible for ensuring this.**

### परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।
2. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।
3. प्रत्येक प्रश्न का केवल **एक** ही उत्तर दीजिए ।
4. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा ।
5. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं, जिन्हें क्रमश: 1, 2, 3, 4 अंकित किया गया है । अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर पत्रक पर **नीले बॉल प्वाइंट पेन** से गहरा करना है ।
6. **OMR** उत्तर पत्रक इस परीक्षा पुस्तिका के अन्दर रखा है । जब आपको परीक्षा पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर पत्र निकाल कर ध्यान से केवल **नीले बॉल पॉइंट पेन** से विवरण भरें ।
7. **प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा ।** गलत उत्तर से तात्पर्य अशुद्ध उत्तर अथवा किसी भी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर से है । किसी भी प्रश्न से संबंधित गोले या बबल को खाली छोड़ना गलत उत्तर नहीं माना जायेगा ।
8. मोबाइल फोन अथवा इलेक्ट्रोनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है । यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है तो उसके विरुद्ध आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी ।
9. कृपया अपना रोल नम्बर ओ.एम.आर. पत्रक पर सावधानीपूर्वक सही भरें । गलत अथवा अपूर्ण रोल नम्बर भरने पर **5 अंक** कुल प्राप्तांकों में से काटे जा सकते हैं ।

**चेतावनी :** अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए विविध नियमों-प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जाएगी । साथ ही विभाग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली विभाग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है ।

### INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. Answer **all** questions.
2. **All** questions carry equal marks.
3. Only **one** answer is to be given for each question.
4. If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer.
5. Each question has four alternative responses marked serially as **1, 2, 3, 4**. You have to darken only one circle or bubble indicating the correct answer on the Answer Sheet using **BLUE BALL POINT PEN**.
6. The **OMR** Answer Sheet is inside this Test Booklet. When you are directed to open the Test Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars carefully with **blue ball point pen** only.
7. **1/3 part of the mark(s) of each question will be deducted for each wrong answer.** A wrong answer means an incorrect answer or more than one answers for any question. Leaving all the relevant circles or bubbles of any question blank will not be considered as wrong answer.
8. Mobile Phone or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. A candidate found with any of such objectionable material with him/her will be strictly dealt as per rules.
9. Please correctly fill your Roll Number in O.M.R. Sheet. **5 Marks** can be deducted for filling wrong or incomplete Roll Number.

**Warning :** If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would liable to be prosecuted. Department may also debar him/her permanently from all future examinations.

**इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए ।**
**Do not open this Test Booklet until you are asked to do so.**

04

1. निम्नलिखित में से कौन सा वाक्य शुद्ध नहीं है ?
(1) वह बहुत सज्जन है ।
(2) कालचक्र के पहिए से बचना संभव नहीं है ।
(3) अँधेरी रात में कुत्ते जोर से भौंक रहे थे ।
(4) मैं सायंकाल घूमने जाता हूँ ।

2. 'गाँठ बाँधना' मुहावरे का अर्थ है
(1) कपड़े समेटना ।
(2) स्थायी रूप से याद रखना ।
(3) क्रोध करना ।
(4) मूर्ख होना ।

3. 'जोगी मार, हाथ में छार' कहावत का भावार्थ इनमें से कौन सा है ?
(1) निर्बल को मारने से कोई लाभ नहीं ।
(2) जब गरीब को सताया जाता है तब प्रतिक्रिया बहुत तीखी होती है ।
(3) जोगी को मारने से मारने वाले का जीवन राख हो जाता है ।
(4) जोगी अपने हाथ में राख लेकर भी सबको मार सकता है ।

4. 'प्यास के मारे उसका प्राण निकल गया ।' इस वाक्य में इनमें से किस प्रकार की अशुद्धि है ?
(1) क्रम संबंधी (2) वचन संबंधी
(3) विशेषण संबंधी (4) मुहावरे संबंधी

**निर्देश :** निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्न स. 5, 6, 7 के उत्तर दीजिए :

हर किरण तेरी संदेश वाहिका,
पवन गीत तेरे गाता,
तेरे चरणों को छूने को, लालायित हिमगिरि का माथा !
तुझसे ही सूर्य प्रकाशित है, आलोक सृष्टि में तेरा है,
संपूर्ण सृष्टि का रोम–रोम, चिर ऋणी, उपासक तेरा है !
अगणित आकाश गंगाएँ, नन्हीं–बूँदें तेरे आगे,
तू आदि अन्त से मुक्त, काल अस्तित्वहीन तेरे आगे !
हे जगत नियंता, जगत–पिता, हे व्यापक तू कितना ईश्वर,
तेरे चरणों में नतमस्तक, कितनी धरती, कितने अंबर !

5. 'जगत–पिता' किसे कहा गया है ?
(1) ईश्वर को (2) आकाश को
(3) संसार को (4) समाज को

6. उक्त अवतरण में 'नन्हीं–बूँदें' शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है ?
(1) गंगा–यमुना आदि नदियों के लिए
(2) आकाश गंगाओं के लिए
(3) महासागरों के लिए
(4) मूसलाधार वर्षा के लिए

7. ईश्वर के चरण चूमने को कौन लालायित रहता है ?
(1) आकाश (2) नदियाँ
(3) हिमगिरि (4) दरिया

8. 'प्रबोधिनी' में संकलित पाठ 'नदी, आस्था और कुंभ' किस विधा से संबंधित है ?
(1) कहानी (2) यात्रा–वृत्तांत
(3) संस्मरण (4) ललित निबंध

9. 'प्रबोधिनी' में संकलित रचना एवं रचनाकार से संबंधित कौन सा विकल्प सुमेलित नहीं है ?
(1) नींव की ईंट – रामवृक्ष बेनीपुरी
(2) छोटा जादूगर – जयशंकर प्रसाद
(3) कैलाश मानसरोवर – स्वामी विवेकानंद
(4) भोलाराम का जीव – हरिशंकर परसाई

10. 'प्रबोधिनी' में संकलित कविता 'पूजन' किस काव्य–ग्रंथ से उद्धृत है ?
(1) आरती (2) हल्दीघाटी
(3) जय हनुमान (4) जौहर

11. "संघ की राजभाषा हिंदी और लिपि देवनागरी होगी ।" यह पंक्ति निम्न में से किस विकल्प से संबंधित है ?
(1) अनुच्छेद 343 (i) (2) अनुच्छेद 344
(3) अनुच्छेद 345 (4) अनुच्छेद 351

adda247

12. 'क्षितिज' में संकलित एकांकी – 'अमर शहीद' में इनमें से कौन सा पात्र नहीं है ?

(1) सागरमल गोपा
(2) गुमानसिंह रावलोत
(3) शंभूदान
(4) करणीदान

13. 'क्षितिज' में संकलित 'आखिरी चट्टान' यात्रा–संस्मरण में कहाँ से कहाँ तक की यात्रा का वर्णन है ?

(1) कश्मीर से कन्याकुमारी
(2) दिल्ली से केदारनाथ
(3) गंगासागर से बदरीनाथ
(4) गोआ से कन्याकुमारी

14. "साँवरे गोरे सलोने सुभाय, मनोहरता जिति मैन लियो है।"
'प्रज्ञा प्रवाह' में संकलित इस काव्यांश में 'मैन' शब्द का क्या अर्थ है ?

(1) कृष्ण (2) कामदेव
(3) इंद्र (4) शत्रु

15. 'प्रज्ञा प्रवाह' में संकलित कवियों में से किसने पर्वतीय प्रदेश में वर्षा ऋतु से संबंधित कविता लिखी है ?

(1) सुमित्रानंदन पंत
(2) मैथिलीशरण गुप्त
(3) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'
(4) दुष्यंत कुमार

16. "गए छँड़ाइ तोरि सब बंधन, दै गए हँसनि अँकोर।"
'क्षितिज' में संकलित उक्त काव्य–पंक्ति में 'अँकोर' का क्या अर्थ है ?

(1) रिश्वत (2) प्रसन्नता
(3) गाली (4) भरोसा

17. "साहित्यकार के जीवन का विश्लेषण उसके साहित्य के मूल्यांकन से कठिन है।"
यह उद्धरण 'प्रज्ञा प्रवाह' के किस पाठ से अवतरित है ?

(1) मित्रता
(2) फिर से सोचने की आवश्यकता है।
(3) हमारी काश्मीर यात्रा
(4) निराला भाई

18. 'अपरा' के आधार पर बताइए कि इनमें से कौन सी रचना भूषण द्वारा रचित नहीं है ?

(1) छत्रप्रकाश (2) छत्रसाल दशक
(3) शिवराजभूषण (4) शिवाबावनी

19. 'अपरा' में संकलित 'काल–चक्र' पाठ किस रचना से लिया गया है ?

(1) हिंदी और हम
(2) हिंदी की शब्द–संपदा
(3) हिंदीमय जीवन और प्रौढ़ों का शब्द संसार
(4) तुम चंदन हम पानी

20. 'मंदाकिनी' में संकलित 'निर्वासित' कहानी के रचनाकार हैं

(1) महादेवी वर्मा
(2) जगदीशचंद्र माथुर
(3) सूर्यबाला
(4) शैवाल सत्यार्थी

21. 'संवाद सेतु' पुस्तक में डायरी साहित्य का वर्गीकरण करते समय इनमें से किस प्रकार की डायरियों को सम्मिलित नहीं किया गया है ?

(1) व्यक्तिगत (2) सामाजिक
(3) साहित्यिक (4) काल्पनिक

22. 'प्रज्ञा प्रवाह' में संकलित 'महाकवि जयशंकर प्रसाद' नामक पाठ के रचनाकार हैं

(1) महादेवी वर्मा
(2) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(3) शिवपूजन सहाय
(4) रामचंद्र शुक्ल



adda247

23. शिकागो 'विश्व धर्म महासभा' में स्वामी विवेकानन्द ने कब व्याख्यान दिया था ? 'प्रबोधिनी' में संकलित पाठ के आधार पर बताइए ।
(1) 1893 ई. (2) 1896 ई.
(3) 1899 ई. (4) 1901 ई.

24. 'दीनों पर प्रेम' (प्रबोधिनी) पाठ के आधार पर बताइये कि ईश्वर इनमें से कहाँ नहीं मिलेगा ?
(1) दीनों के द्वार पर
(2) दुखियों की आह में
(3) मंदिरों में
(4) गरीबों की भूख में

25. "तो क्या मेरे उत्सव में जाने और न जाने का संबंध बनवीर की इच्छा से है ?" 'दीपदान' एकांकी में यह पंक्ति किसने किससे कही है ?
(1) उदयसिंह ने पन्ना से
(2) पन्ना ने चन्दन से
(3) उदयसिंह ने सामली से
(4) पन्ना ने सोना से

26. "सूर समर करनी करहिं, कहि न जनावहिं आपु ।
विद्यमान रन पाइ रिपु, कायर कथहिं प्रतापु ।।"
'क्षितिज' में संकलित यह पंक्ति इनमें से किस कवि की है ?
(1) कृपाराम (2) सूरदास
(3) तुलसीदास (4) देव

27. कृपाराम खिड़िया के 'कारज सरै न कोय ........।' सोरठे के अनुसार किसी कार्य की सिद्धि के लिए इनमें से क्या आवश्यक नहीं है ?
(1) बल (2) धन
(3) पराक्रम (4) हिम्मत

28. निम्नलिखित में से किस प्रकार के 'फीचर' नहीं होते हैं ? 'संवाद सेतु' पुस्तक के आधार पर बताइए ।
(1) समाचार फीचर (2) पर्वोत्सवी फीचर
(3) काल्पनिक फीचर (4) फोटो फीचर

29. 'पीयूष प्रवाह' के अनुसार इनमें से कौन सी रचना चंद्रधर शर्मा गुलेरी कृत नहीं है ?
(1) कछुआ धर्म
(2) दुखमय जीवन
(3) मारेसि मोहि कुठांव
(4) बुद्धू का काँटा

30. "गुरु समान दाता नहीं ........।" 'प्रज्ञा प्रवाह' में संकलित कबीर के इस दोहे में गुरु को अतुलनीय दाता क्यों कहा गया है ?
(1) क्योंकि वह राम से मिलाता है ।
(2) क्योंकि वह संसार से मुक्ति दिलाता है ।
(3) क्योंकि वह ब्रह्म से साक्षात्कार कराता है ।
(4) क्योंकि वह चार लोक की संपदा दिला देता है ।

31. 'मालिकों की बोली' को हमने कैसे सीखा ? 'प्रज्ञा प्रवाह' में संकलित निबंध 'फिर से सोचने की आवश्यकता है' के आधार पर बताइये ।
(1) भय और अपमान की छाया में
(2) प्रेम और प्रेरणा की छाया में
(3) अपमान और तिरस्कार की छाया में
(4) तिरस्कार और निराशा की छाया में

32. "वह बड़े घर की बेटी है, तो हम भी कोई ऐसे-वैसे नहीं हैं ।" 'बड़े घर की बेटी' कहानी में यह कथन इनमें से किसका है ?
(1) लाल बिहारी का
(2) बेनी माधवसिंह का
(3) श्री कंठ का
(4) आनन्दी का

33. 'आलोक' में संकलित 'रानी लक्ष्मीबाई' पाठ के अनुसार लक्ष्मीबाई द्वारा गोद लिए गए बच्चे का क्या नाम था ?
(1) मनोहर (2) गंगाधर
(3) दामोदर (4) दयाशंकर



adda247

34. "जिस दिन देशभक्त की जवानी का अंतिम पृष्ठ लिखा जाने वाला था ....... ।" उस दिन निम्नलिखित में से क्या नहीं हुआ था ? 'देशभक्त' कहानी के आधार पर बताइये ।

(1) त्रिंश कोटि देवांगनाओं की थालियों को उदार कल्पवृक्ष ने अपने पुष्पों से भर दिया था ।
(2) स्वर्गलोक में आनन्द का अपार पारावार उमड़ रहा था ।
(3) अमरावती ने अपना अपूर्व शृंगार किया था ।
(4) इंदिरा और पार्वती ने विशेष यज्ञ का आयोजन किया था ।

35. 'अपरा' में संकलित 'धरा और पर्यावरण' पाठ के आधार पर बताइये कि पश्चिम की दृष्टि में 'प्रकृति' क्या है ?

(1) उपभोग की वस्तु (2) पूज्य वस्तु
(3) संरक्षण की वस्तु (4) अलौकिक वस्तु

36. 'अपरा' में संकलित पाठ 'यात्रा का रोमांस' के आधार पर बताइये कि इनमें से कौन सी बात गलत है ?

(1) यायावर का एक मात्र लक्ष्य है, अपने मन की तरंगों के अनुसार चलते रहना ।
(2) यायावर की मंजिल पहले से तय होती है ।
(3) यायावर जहाँ से गुजर जाए, वही उसका रास्ता है ।
(4) यायावर इस बात की चिन्ता नहीं करता कि रात कहाँ गुजरेगी ।

37. "नहीं साहब, हमारी नाक कट जाएगी ।" 'शरणदाता' कहानी में यह कथन किसका है ?

(1) देविन्दरलाल का
(2) रफीकुद्दीन का
(3) आबिद मियाँ का
(4) जैबुन्निसा का

38. 'आलोक' में संकलित प्रताप-विषयक पाठ के आधार पर बताइये कि अकबर ने प्रताप को पकड़ने के लिए सातवाँ आक्रमण इनमें से किसके नेतृत्व में किया ?

(1) जगन्नाथ कच्छवाहा
(2) मानसिंह
(3) अब्दुलरहीम खानखाना
(4) टोडरमल

39. केसरीसिंह बारहठ का बाल्यकाल कहाँ बीता ? 'आलोक' में संकलित पाठ के आधार पर बताइये ।

(1) कोटा में (2) मेवाड़ में
(3) जोधपुर में (4) दिल्ली में

40. 'आलोक' में संकलित पाठ – 'मुक्ति योद्धाओं के शिविर में' के लेखक हैं

(1) रमाकान्त शास्त्री (2) उमाकान्त शास्त्री
(3) विष्णुकान्त शास्त्री (4) रविकान्त शास्त्री

41. "कहिबे कहँ रसना रची, सुनिबे कहँ किए कान । धरिबे कहँ चित हित सहित, परमारथहिं सुजान ।" ये पंक्तियाँ 'सृजन' में संकलित किस कवि की हैं ?

(1) कबीरदास
(2) कृपाराम खिड़िया
(3) रहीम
(4) तुलसीदास

42. 'सृजन' में संकलित कौन सी रचना शिष्टाचार के नाम पर फैल रहे आडम्बर और खोखलेपन को अभिव्यक्त करती है ?

(1) तौलिये (2) ममता
(3) मैं और मैं (4) बाजार दर्शन

43. "पीयूष-सम पीकर जिसे होता प्रसन्न शरीर है, आलस्य-नाशक, बल-विकासक उस समय का नीर है ।" 'अपरा' में संकलित ये पंक्तियाँ किस कवि की हैं ?

(1) सुमित्रानन्दन पंत (2) नंदलाल जोशी
(3) मैथिलीशरण गुप्त (4) बिहारी

**44.** 'ममता' कहानी के आधार पर बताइये कि हुमायूँ ने जिस झोपड़ी में विश्राम किया था, वहाँ ममता की मृत्यु के बाद इनमें से क्या बनाया गया ?

(1) भव्य महल (2) अष्टकोण मंदिर

(3) विश्राम–गृह (4) ममता की समाधि

**45.** 'पीयूष प्रवाह' में संकलित 'सत्य के प्रयोग' पाठ के आधार पर बताइये कि हरिहर शर्मा को किस नाम से जाना जाता था ?

(1) मामा (2) आप्पा

(3) अण्णा (4) काका

**46.** 'पीयूष प्रवाह' में संकलित पाठ 'राजस्थान के गौरव' के आधार पर बताइये कि गोविन्द गुरु का अन्तिम समय इनमें से कहाँ बीता ?

(1) डूँगरपुर जिले के बासियाँ गाँव में

(2) मानगढ़ पहाड़ पर

(3) अहमदाबाद में

(4) पंचमहाल में कम्बोई नामक स्थान पर

**47.** 'सरयू' में संकलित कबीर के पद "संतौ भाई आई ग्यान की आँधी रे ......... ।" में इनमें से क्या घटित नहीं हुआ ?

(1) त्रिस्नां छानी सबै उड़ानी

(2) मोह बलींडा टूटा

(3) कुबधि का भांडा फूटा

(4) कूड़–कपट काया का निकस्या

**48.** 'सृजन' के आधार पर बताइए कि इनमें से कौन सी रचना शमशेर बहादुर सिंह द्वारा रचित नहीं है ?

(1) कुछ कविताएँ

(2) टूटी–फूटी कड़ियाँ

(3) चुका भी नहीं हूँ मैं

(4) कुछ और कविताएँ

**49.** 'सृजन' के आधार पर सुभद्रा कुमारी चौहान के कहानी–संग्रह का नाम बताइए ।

(1) आकाशदीप (2) जयदोल

(3) बिखरे मोती (4) मानसरोवर

**50.** "मानव–शरीर में पेट का स्थान नीचे है, हृदय का ऊपर और मस्तिष्क का सबसे ऊपर ।" यह पंक्ति 'मंदाकिनी' के किस पाठ में है ?

(1) भोर का तारा

(2) गेहूँ बनाम गुलाब

(3) सुभद्रा

(4) निर्वासित

**51.** 'मंदाकिनी' में संकलित एकांकी 'भोर का तारा' में इनमें से कौन सा पात्र नहीं है ?

(1) छाया (2) शेखर

(3) रजनी (4) माधव

**52.** "जब स्त्री का व्यक्तित्व उसके पति से स्वतंत्र नहीं माना जाता था तब वे कहती हैं, 'मनुष्य की आत्मा स्वतंत्र है ...........।'

उपर्युक्त पंक्ति 'मन्दाकिनी' के किस पाठ से ली गई है ?

(1) राष्ट्र का स्वरूप

(2) हमारी पुण्यभूमि और उसका गौरवमय अतीत

(3) भोर का तारा

(4) सुभद्रा

**53.** शब्द शक्तियों के संदर्भ में इनमें से कौन सा कथन गलत है ?

(1) जब लक्ष्यार्थ में वाच्यार्थ सम्मिलित रहता है तब लक्षण–लक्षणा होती है ।

(2) जहाँ शब्द बदल देने पर भी व्यंग्यार्थ निकलता हो वहाँ आर्थी व्यंजना होती है ।

(3) योगरूढ शब्द उसे कहते हैं जिसकी व्युत्पत्ति होती है पर जिसका अर्थ व्युत्पत्तिजन्य अनेक अर्थों में से केवल एक तक ही सीमित हो जाता है ।

(4) जो व्यंग्यार्थ प्रकट करे उसे व्यंजक शब्द कहते हैं ।

**54.** 'सरयू' में संकलित निबंध 'शिरीष के फूल' में कणटि–राज की प्रिया विज्जिकादेवी ने इनमें से किसे कवि नहीं माना ?

(1) वाल्मीकि (2) व्यास

(3) कालिदास (4) ब्रह्मा



adda247

55. इनमें से 'माधुर्य गुण' का उदाहरण किस विकल्प में है ?

(1) बढ़ो करो वीर ! स्व जाति का भला, अपार दोनों विधि लाभ हैं हमें ।

(2) मैं जो नया ग्रंथ विलोकता हूँ, माता मुझे सो नव मित्र सा है ।

(3) चिक्करहिं दिग्गज डोल महि, अहि लोल सागर खर भरे । मन हरख सभ गंधर्व सुर-मुनि नाग-किन्नर-दुख टरे ।

(4) मन्द-मन्द मुरली बजावत अधर धरे, मन्द-मन्द निकस्यी मुकुन्द मधुबन तें ।

56. 'राजन् ! देहु तुरंग मोहि, अथवा देहु मतंग' इस पंक्ति में कौन सा काव्य दोष है ?

(1) अक्रमत्व (2) अप्रतीत्व

(3) दुष्क्रमत्व (4) क्लिष्टत्व

57. "बिन घनस्याम धाम धाम ब्रज मंडल में, ऊधो ! नित बसति बहार बरसा की है ।"

इन पंक्तियों में कौन सा अलंकार है ?

(1) श्लेष (2) विभावना

(3) उत्प्रेक्षा (4) असंगति

58. निम्नलिखित में से 'गौड़ी रीति' का उदाहरण किस विकल्प में है ?

(1) भये क्रुद्ध जुद्ध विरुद्ध रघुपति, त्रोण-सायक कसमसे । कोदण्ड मुनि अतिचण्ड सुनि, मनुजाद सब मारुत ग्रसे ।

(2) पायनि नूपुर मंजु बजे, कटि किंकिनि में धुनि की मधुराई ।

(3) मधुराका मुसक्याती थी, पहले जब देखा तुमको ।

(4) स्याम के संग सदा हम डोलैं, जहाँ पिक बोलैं, अली-गन गुंजैं ।

59. छंद के संबंध में इनमें से कौन सा कथन गलत है ?

(1) 'द्रुत विलंबित' छंद के प्रत्येक चरण में 12 वर्ण होते हैं ।

(2) 'दोहा' के विषम चरण में 13-13 मात्राएँ होती हैं ।

(3) 'सवैया' वर्णिक छन्द है ।

(4) 'हरिगीतिका' के प्रत्येक चरण में 26 मात्राएँ होती हैं ।

60. "पुनि-पुनि प्रभुहि चितव नर-नाहू । पुलक गात, उर अधिक उछाहू ।"

उपर्युक्त पंक्तियों में कौन सा सात्विक अनुभाव है ?

(1) वैवर्ण्य (2) रोमांच

(3) स्वेद (4) प्रलय

61. "रक्त मांस के सड़े पंक से उमड़ रही है । महा घोर दुर्गन्ध, रुद्ध हो उठती श्वासा ।"

उपर्युक्त पंक्तियों में इनमें से कौन सा रस है ?

(1) अद्भुत (2) रौद्र

(3) वीभत्स (4) करुण

62. 'सरहपाद' को हिन्दी का प्रथम कवि मानने वाले विद्वान् इनमें से कौन हैं ?

(1) शिवसिंह सेंगर

(2) राहुल सांकृत्यायन

(3) गणपति चन्द्रगुप्त

(4) नन्द दुलारे वाजपेयी

63. 'विष पीते हैं मेघ, विरहिणी प्राण निकलते' इस पंक्ति में कौन सा अलंकार है ?

(1) असंगति (2) विरोधाभास

(3) संदेह (4) भ्रांतिमान

64. कबीर के संदर्भ में इनमें से कौन सा कथन असंगत है ?

(1) कबीर रहस्यवादी कवि थे ।

(2) काव्य रचना कबीर का मुख्य लक्ष्य था ।

(3) सहजता कबीर की रचनाओं की महत्त्वपूर्ण विशेषता है ।

(4) कबीर विद्रोही और समाज सुधारक कवि थे ।

65. सूफी कवियों और उनकी रचनाओं की दृष्टि से इनमें से कौन सा विकल्प सुमेलित नहीं है ?

(1) मलिक मुहम्मद जायसी – पद्मावत

(2) मुल्ला दाऊद – चंदायन

(3) मंझन – मधुमालती

(4) कुतुबन – लखमसेन पद्मावती कथा

66. मध्यकालीन कृष्ण भक्ति सम्प्रदायों में 'राधावल्लभ संप्रदाय' के प्रवर्तक इनमें से कौन थे ?

(1) गोसाईं हित हरिवंश

(2) स्वामी हरिदास

(3) चैतन्य महाप्रभु

(4) गोस्वामी विट्ठल नाथ

67. इनमें से कौन सा कवि 'राम भक्ति' काव्यधारा के अंतर्गत नहीं आता है ?

(1) अग्रदास (2) ईश्वरदास

(3) परशुराम देव (4) नरहरि बारहट

68. इनमें से कौन सी रचना आदिकाल के गद्य साहित्य की नहीं है ?

(1) वर्ण रत्नाकर

(2) राउलवेल

(3) श्रावकाचार

(4) उक्तिव्यक्ति प्रकरण

69. इनमें से कौन सा कथन 'रीतिमुक्त काव्यधारा' के संदर्भ में गलत है ?

(1) रीतिमुक्त काव्य में प्रेम वर्णन व्यथा प्रधान है ।

(2) रीतिमुक्त कवियों ने प्राचीन काव्य परम्परा का त्याग किया था ।

(3) रीतिमुक्त कवियों के काव्य में ऐन्द्रिय वासना की प्रधानता है ।

(4) रीतिमुक्त कवियों की प्रेमानुभूति को आत्माभिव्यक्ति की शैली में स्थान प्राप्त हुआ है ।

70. इनमें से भारतेंदु हरिश्चन्द्र की कौन सी रचना गद्य-विधा के अंतर्गत नहीं आती है ?

(1) विनय प्रेम पचासा

(2) वैदिकी हिंसा हिंसा न भवति

(3) सत्य हरिश्चन्द्र

(4) अंधेरनगरी

71. विधा और रचना की दृष्टि से इनमें से कौन सा विकल्प सुमेलित नहीं है ?

(1) नाटक – राक्षस का मंदिर (लक्ष्मीनारायण मिश्र)

(2) काव्य – चित्रलेखा (भगवती चरण वर्मा)

(3) काव्य – हल्दीघाटी (श्यामनारायण पाण्डेय)

(4) कहानी – खोई हुई दिशाएँ (कमलेश्वर)

72. रीतिकाल के कवियों और उनकी रचनाओं की दृष्टि से इनमें से कौन सा विकल्प सुमेलित नहीं है ?

(1) चिन्तामणि – कविकुल कल्पतरु

(2) मतिराम – इश्कलता

(3) देव – भाव विलास

(4) पद्माकर – जगद्विनोद



adda247

73. 'बुन्देली' बोली इनमें से किस उपभाषा के अन्तर्गत आती है ?
(1) पूर्वी हिन्दी (2) बिहारी
(3) पश्चिमी हिन्दी (4) राजस्थानी

74. "कर कमाण सर साँधि करि, खैंचिजू मार्या माँहि ।
भीतरि भिद्या सुमार ह्वै, जीवै कि जीवै नाहिं ।"
ये पंक्तियाँ कबीर ग्रंथावली के किस अंग से ली गई हैं ?
(1) सुमिरण को अंग (2) गुरुदेव को अंग
(3) विरह को अंग (4) परचा को अंग

75. "कुंद इंदु सम देह, उमा रमन, करुना अयन ।
जाहि दीन पर नेह, करउ कृपा मर्दन मयन ।।"
इन पंक्तियों में तुलसी ने किसकी वन्दना की है ?
(1) श्री पार्वती की (2) श्री गणेश की
(3) श्री गुरु की (4) श्री शंकर की

76. "रैनि सोवत, चलत, जागत लगत नहिं मन आन"
'भ्रमरगीत सार' में उल्लिखित यह पंक्ति किसने किससे कही है ?
(1) उद्धव ने गोपियों से
(2) गोपियों ने उद्धव से
(3) कृष्ण ने उद्धव से
(4) उद्धव ने कृष्ण से

77. रचना और रचनाकार की दृष्टि से इनमें से कौन सा विकल्प सुमेलित नहीं है ?
(1) हृदय की परख – चतुरसेन शास्त्री
(2) मेरी तिब्बत यात्रा – राहुल सांकृत्यायन
(3) साक्षी है सौंदर्य प्राश्निक – नेमिचन्द्र जैन
(4) छितवन की छाँव – विद्यानिवास मिश्र

78. "मेरी भव बाधा हरौ, राधा नागरि सोई ।
जा तन की झाँई परैं, स्यामु हरित दुति होइ ।"
इस दोहे के संदर्भ में इनमें से कौन सा कथन गलत है ?
(1) इसमें नायिका का रूप वर्णन है ।
(2) इसमें भक्ति वर्णन है ।
(3) इसमें बिहारी के ज्योतिष संबंधी ज्ञान का परिचय मिलता है ।
(4) इसमें श्लेष अलंकार का प्रयोग हुआ है ।

79. "आणी उर जाणी अतुल गाणी करण अगूढ़ ।
वाणी जगराणी वलै में चींताणी मूढ़ ।"
उपर्युक्त दोहे में किसकी वन्दना की गई है ?
(1) श्री गणेश की (2) श्री लक्ष्मी की
(3) श्री गुरु की (4) श्री सरस्वती की

80. "ओ युधिष्ठिर सिंधु के हम पार हैं .......।" यह पंक्ति किसने कही ?
(1) कृष्ण ने (2) सुयोधन ने
(3) अर्जुन ने (4) भीम ने

81. बोले देखो कि यहाँ पर कोई भी नहीं पराया । हम अन्य न और कुटुंबी हम केवल एक हमीं हैं ।
उपरोक्त पंक्ति किसने कही ?
(1) इड़ा ने (2) मनु ने
(3) श्रद्धा ने (4) मानव ने

82. मीराँबाई की पदावली के पद 'श्री गिरधर आगे नाचूँगी' में मीराँबाई ने किस भाव की भक्ति व्यक्त की है ?
(1) माधुर्य भाव की भक्ति
(2) निर्गुण भक्ति
(3) रहस्यवादी भक्ति
(4) दास्यभाव की भक्ति

83. शुक्लजी के निबंध 'लोभ और प्रीति' के संदर्भ में इनमें से कौन सा कथन गलत है ?

(1) लोभ सामान्योमुख होता है ।

(2) जिनकी आत्मा समस्त भेदभाव को भेद कर अत्यंत उत्कर्ष पर पहुँची हुई होती है, वे सारे संसार की रक्षा चाहते हैं ।

(3) लोभियों का दमन योगियों के दमन से किसी प्रकार कम नहीं होता ।

(4) प्रेम जगतोन्मुख होता है ।

84. "अपने उद्वेग का वास्तविक कारण मैं स्वयं हूँ । और किसी को मैं अधिकार नहीं देती कि वह मेरे उद्वेग का कारण बन सके...... ।" 'लहरों के राजहंस' में यह वाक्य किसने-किससे कहा ?

(1) सुन्दरी ने नन्द से

(2) नन्द ने सुन्दरी से

(3) सुन्दरी ने मैत्रेय से

(4) सुन्दरी ने अलका से

85. "उसके साथ-साथ चल रहा था एक भीगा कुत्ता-कान झटकता हुआ, खामोश और अन्तर्मुख !" ये पंक्तियाँ इनमें से किस कहानी से ली गई है ?

(1) जहाँ लक्ष्मी कैद है

(2) परिन्दे

(3) एक और जिन्दगी

(4) उसने कहा था

86. 'असाध्यवीणा' कविता में वीणा के मूक होने के बाद इनमें से क्या नहीं हुआ ?

(1) रानी ने सतलड़ी माल अर्पित की ।

(2) राजा चकित हो गया ।

(3) जनता विह्वल हो गई ।

(4) संगीतकार उठ खड़ा हुआ ।

87. नीकी दई अनाकनी, फीकी परी गुहारि ।
तज्यौ मनौ तारन – बिरदु बारक बारनु तारि ।
उप पद में प्रयुक्त 'बारनु' शब्द से तात्पर्य है

(1) हाथी (2) घोड़ा
(3) प्रेयसी (4) चंद्रमा

88. 'जहाँ लक्ष्मी कैद है' कहानी में लाला रूपाराम का वाक्य 'गोविन्द बाबू, बड़ी देर तक पढ़ाई हो रही है आजकल' में भाव है

(1) बड़ी बिजली खर्च करते हो ।

(2) बहुत मेहनत करते हो ।

(3) बहुत आलसी हो ।

(4) बहुत मनमौजी हो ।

89. मोहन राकेश रचित 'आषाढ़ का एक दिन' नाटक किसकी जीवनी पर आधारित है ?

(1) तुलसीदास (2) मोहन राकेश
(3) कालिदास (4) जयशंकर प्रसाद

90. भरतमुनि ने अपने 'नाट्यशास्त्र' में स्थायीभावों की संख्या मानी है

(1) आठ (2) दस
(3) नौ (4) ग्यारह

91. निम्नलिखित में अनुभाव के चार भेदों में सम्मिलित नहीं हैं :

(1) कायिक (2) मानसिक
(3) वाचिक (4) प्राकृतिक

92. रामधारी सिंह दिनकर ने 'कुरुक्षेत्र' में किसका आलम्बन लेकर युद्ध की समस्या के प्रश्न को उपस्थित किया है ?

(1) केवल भीष्म का

(2) केवल युधिष्ठिर का

(3) भीष्म एवं युधिष्ठिर दोनों का

(4) श्री कृष्ण का

93. निम्न में से कौन सा हिन्दी शिक्षण का उद्देश्य नहीं है ?

(1) कल्पना बोध शक्तियों को विकसित करना ।

(2) शब्दों तथा वाक्यों के उच्चारण में शुद्धता उत्पन्न करना ।

(3) काव्य रचना के लिए प्रोत्साहित करना ।

(4) वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास करना ।

94. ज्ञानात्मक शैक्षिक उद्देश्यों का वर्गीकरण किसने किया ?

(1) रॉबर्ट मिलर (2) रॉबर्ट मेगर

(3) बी.एस. ब्लूम (4) सिम्पसन

95. "प्रसंगानुकूल भावों, विचारों की अभिव्यक्ति हेतु रचना के किसी विशेष रूप का चयन कर क्रमबद्धता बनाये रख सकेगा" नामक अपेक्षित व्यवहारगत परिवर्तन किस उद्देश्य के अन्तर्गत आता है ?

(1) ज्ञानात्मक उद्देश्य

(2) अर्थग्रहण उद्देश्य

(3) कौशलात्मक उद्देश्य

(4) अभिरुचिपरक उद्देश्य

96. निम्नलिखित में से कौन सा भावात्मक घटक का उच्चस्तरीय शैक्षिक उद्देश्य है ?

(1) ज्ञानात्मक उद्देश्य

(2) बोध उद्देश्य

(3) अनुप्रयोग उद्देश्य

(4) चरित्रीकरण उद्देश्य

97. 'उसने कहा था' कहानी में कौन सी शैली का प्रयोग किया है ?

(1) पूर्वाभास शैली (2) डायरी शैली

(3) आत्मकथा शैली (4) संस्मरण शैली

98. रसानुभूति किस शिक्षण की विशेषता है ?

(1) गद्य शिक्षण (2) पद्य शिक्षण

(3) रचना शिक्षण (4) व्याकरण शिक्षण

99. किस विधि/प्रणाली में शिक्षक कथावाचक का स्थान ग्रहण करते हुए प्रसंग की व्याख्या करता है ?

(1) शब्दार्थ कथन विधि/प्रणाली

(2) व्याख्या प्रणाली/विधि

(3) व्यास प्रणाली/विधि

(4) समीक्षा प्रणाली/विधि

100. खण्डान्वय प्रणाली में भावों का स्पष्टीकरण किया जाता है

(1) प्रश्नोत्तर द्वारा (2) व्याख्या द्वारा

(3) तुलना द्वारा (4) समीक्षा द्वारा

101. भाषा-संसर्ग प्रणाली में विशेष महत्त्व दिया जाता है

(1) सैद्धान्तिक ज्ञान पर

(2) व्यावहारिक ज्ञान पर

(3) कवियों की जीवनी पर

(4) नियमों पर

102. इनमें से कौन सी व्याकरण शिक्षण प्रणाली अमनोवैज्ञानिक विधि पर आधारित प्रणाली है ?

(1) पाठ्य-पुस्तक प्रणाली

(2) आगमन प्रणाली

(3) निगमन प्रणाली

(4) भाषा संसर्ग प्रणाली/विधि

103. शिक्षक बालकों को गद्यांश शुद्ध पढ़कर बताता है तथा बालक प्रत्येक शब्द को ध्यानपूर्वक सुनते हैं, इसे हम कहते हैं

(1) आदर्श वाचन (2) अनुकरण वाचन

(3) मौन वाचन (4) समवेत वाचन



adda247

104. निम्न में से किस तत्त्व का दैनिक पाठ-योजना में उपयोग नहीं हैं ?
(1) उद्देश्यों को परिभाषित करना ।
(2) शिक्षण विधि व प्रविधियों का चयन ।
(3) दत्त कार्य का निर्धारण ।
(4) नील-पत्र का निर्माण ।

105. इकाई योजना को शिक्षण क्रिया में शामिल करने का श्रेय किसको जाता है ?
(1) प्रिस्टॉन
(2) प्रो. एच.सी. मोरीसन
(3) सैम्फॉर्ड
(4) बेकन

106. निम्नलिखित में से कौन सा कथन गलत है ?
(1) सूक्ष्म शिक्षण कृत्रिम परिवेश में शिक्षण का एक रूप है ।
(2) सूक्ष्म शिक्षण अध्यापक की जटिलताओं को कम करता है ।
(3) सूक्ष्म शिक्षण मनोविज्ञान के समग्रता के सिद्धान्त पर आधारित है ।
(4) सूक्ष्म शिक्षण पृष्ठपोषण प्रदान करता है ।

107. निम्नलिखित में से कौन सी मूल्यांकन की व्यापक विशेषता नहीं है ?
(1) विद्यार्थी की रटन्त स्मृति कितनी बढ़ी है ।
(2) पूर्व निर्धारित उद्देश्यों की प्राप्ति किस सीमा तक हो रही है ।
(3) कक्षा में दिये जाने वाले अधिगम अनुभव कितने प्रभावोत्पादक रहे हैं ।
(4) शिक्षा के उद्देश्यों की प्राप्ति कितने अच्छे ढंग से सम्पन्न हुई है ।

108. भाषा सीखने का स्वाभाविक मनोवैज्ञानिक क्रम है
(1) सुनना > बोलना > पढ़ना > लिखना
(2) पढ़ना > लिखना > सुनना > बोलना
(3) बोलना > सुनना > पढ़ना > लिखना
(4) सुनना > पढ़ना > बोलना > लिखना

109. निम्न में से किस विधि द्वारा विद्यार्थियों को मौखिक अभिव्यक्ति में प्रेषित किया जा सकता है ?
(1) प्रश्नोत्तरी द्वारा
(2) वाक्य रचना द्वारा
(3) कहानी लेखन द्वारा
(4) चित्र निर्माण द्वारा

110. निम्नलिखित में से कौन सा कथन असंगत है ?
(1) सस्वर वाचन से बालक के संकोच व झिझक का निराकरण होता है ।
(2) सस्वर वाचन से बालक का अक्षर विन्यास भी शुद्ध होता है ।
(3) सस्वर वाचन से शब्द भण्डार में वृद्धि होती है ।
(4) सस्वर वाचन से थकान कम होती है, वाग्यंत्रों पर जोर नहीं पड़ता ।

111. नाटक अथवा अभिनय उदाहरण है
(1) दृश्य सहायक सामग्री का
(2) श्रव्य सहायक सामग्री का
(3) दृश्य-श्रव्य सहायक सामग्री का
(4) अप्रक्षेपित सहायक सामग्री का

112. श्रव्य-शिक्षण सहायक सामग्री का उदाहरण है
(1) लिंग्वाफोन
(2) ओवर हेड प्रोजेक्टर
(3) चुम्बकीय पट्ट
(4) दूरदर्शन

113. निम्नलिखित में से सर्वाधिक प्रभावी सहायक शिक्षण सामग्री है :
(1) श्रव्य – शिक्षण सामग्री
(2) दृश्य – शिक्षण सामग्री
(3) दृश्य – श्रव्य शिक्षण सामग्री
(4) स्पर्श्य शिक्षण सामग्री

adda247

114. निम्नलिखित में से किस विकल्प में 'अंत:स्थ वर्ण' नहीं है ?

(1) व (2) अ

(3) य (4) र

115. इनमें से कौन सा कथन सही नहीं है ?

(1) 'ढ़' उत्क्षिप्र वर्ण है ।

(2) 'म' स्पर्श व्यंजन है ।

(3) 'ह' अल्पप्राण व्यंजन है ।

(4) 'श' संघर्षी वर्ण है ।

116. निम्नलिखित में से तत्सम शब्द कौन सा है ?

(1) आँच (2) खुराक

(3) साँकल (4) गुहा

117. निम्नलिखित में से किस विकल्प के सभी शब्द तत्सम हैं ?

(1) भाटक, स्फटिक (2) बाँस, मधूक

(3) पत्थर, पर्ण (4) नीबू, पक्षी

118. इनमें से कौन सा शब्द विदेशी नहीं है ?

(1) शादी (2) नशा

(3) अंगूर (4) नाग

119. इनमें से कौन सा शब्द तद्भव है ?

(1) गर्त (2) कर्म

(3) चीता (4) तीर्थ

120. इनमें से जातिवाचक संज्ञा से बनने वाली भाववाचक संज्ञा कौन सी है ?

(1) शैशव (2) सौंदर्य

(3) हँसी (4) स्वास्थ्य

121. इनमें से किस वर्ण का उच्चारण स्थान 'कंठोष्ठ' है ?

(1) ए (2) ऐ

(3) ओ (4) उ

122. "आप नहीं जानते, रमेश अपने-आप सारे काम कर लेता है ।" इस वाक्य में इनमें से कौन-कौन से सर्वनाम प्रयुक्त हुए हैं ?

(1) उत्तम पुरुष, अनिश्चयवाची

(2) निजवाचक, मध्यम पुरुष

(3) अन्य पुरुष, निश्चयवाची

(4) संबंधवाची, अन्य पुरुष

123. 'तुम जिसे चाहो, उसे बुला सकते हो ।' इस वाक्य में इनमें से कौन-कौन से सर्वनाम प्रयुक्त हुए हैं ?

(1) अनिश्चयवाची, अन्य पुरुष

(2) मध्यम पुरुष, निश्चयवाची

(3) निजवाचक, मध्यम पुरुष

(4) संबंधवाची, मध्यम पुरुष

124. "आज चुनाव का तीसरा दिन है और मतदान-कर्मी थोड़ी-सी शांति के साथ आराम कर रहे हैं ।" इस वाक्य में इनमें से कौन-कौन से विशेषण प्रयुक्त हुए हैं ?

(1) गुणवाचक, अनिश्चित संख्यावाचक

(2) निश्चित परिमाणवाचक, संकेतवाचक

(3) अनिश्चित परिमाणवाचक, निश्चित संख्यावाचक

(4) व्यक्तिवाचक, गुणवाचक

125. 'यहाँ से दो किलोमीटर बाद तुम्हें एक हरा-भरा बगीचा दिखाई देगा ।' इस वाक्य में इनमें से कौन-कौन से विशेषण प्रयुक्त हुए हैं ?

(1) अनिश्चित परिमाणवाची, निश्चित संख्यावाची

(2) गुणवाचक, निश्चित संख्यावाची

(3) अनिश्चित संख्यावाची, गुणवाचक

(4) संकेतवाची, अनिश्चित परिमाणवाची

126. इनमें से किस विकल्प के सभी शब्द जातिवाचक संज्ञा के उदाहरण हैं ?

(1) किताब, बचपन (2) शहर, माधुर्य

(3) पक्षी, रामायण (4) गाँव, गाय

adda247

127. इनमें से किस वाक्य में पूर्वकालिक क्रिया का प्रयोग हुआ है ?
(1) मनीष पिछले वर्ष गाँव गया था ।
(2) हमारा परिवार वर्ष 2018 में हिमाचल घूमने गया था ।
(3) विद्यालय में छात्र प्रतिदिन सुबह प्रार्थना करते हैं ।
(4) सरिता ख़ाना खाकर पढ़ाई करेगी ।

128. इनमें से किस वाक्य में अव्यय का प्रयोग नहीं हुआ है ?
(1) राम धीरे-धीरे मंदिर जा रहा है ।
(2) राम मंदिर जा रहा है ।
(3) राम नियमित रूप से मिठाई और फल खाता है ।
(4) न राम मंदिर जाता है न श्याम मंदिर जाता है ।

129. "वाह ! तुम तो कलाकार निकले !" इस वाक्य में कौन-कौन से अव्यय हैं ?
(1) संबंधसूचक, निपात
(2) क्रिया-विशेषण, संबंधसूचक
(3) निपात, विस्मयसूचक
(4) समुच्चयबोधक, विस्मयसूचक

130. इनमें से किस विकल्प के सभी शब्द अव्यय की श्रेणी में आते हैं ?
(1) तो, छिः, ऊँचा
(2) अब, एवं, भी
(3) खरी, ही, क्योंकि
(4) कल, किंतु, चल

131. इनमें से द्विकर्मक क्रिया किस वाक्य में प्रयुक्त हुई है ?
(1) राम ने आम और अनार खाये ।
(2) रमेश और राम ने अंगूर और केले खाये ।
(3) राम ने रमेश को केला खिलाया ।
(4) रमेश और राम ने केले खाये ।

132. इनमें से किस वाक्य में 'विशेषण उपवाक्य' का प्रयोग हुआ है ?
(1) मैंने एक लड़का देखा जो बहुत दुबला था ।
(2) सरकार चाहती है कि लोगों का भला हो ।
(3) जब रात होती है तब चाँद निकलता है ।
(4) राम आगे बढ़ा और श्याम पीछे रह गया ।

133. इनमें से कौन सा कथन सही है ?
(1) हिन्दी के सरल वाक्य में कर्म, कर्ता, क्रिया का क्रम होता है ।
(2) संयुक्त वाक्य में केवल दो ही उपवाक्य होते हैं ।
(3) मिश्र वाक्य में संज्ञा उपवाक्य प्रायः 'कि' से आरंभ होता है ।
(4) मिश्र वाक्य में विशेषण उपवाक्य 'जब' से आरंभ होता है ।

134. किस विकल्प के सभी शब्द अधिकरण तत्पुरुष समास के उदाहरण हैं ?
(1) बाणाहत, जन्मान्ध, खग
(2) आपबीती, उच्चायोग, थलचर
(3) ईश्वरदत्त, हथकड़ी, स्नेहमग्न
(4) तल्लीन, पर्वतारोहण, आत्ममुग्ध

135. इनमें से कौन सा विकल्प समास और उसके उदाहरण की दृष्टि से सुमेलित नहीं है ?
(1) कर्मधारय – परमाणु
(2) द्वंद्व – चौंसठ
(3) बहुव्रीहि – चक्रपाणि
(4) संबंध तत्पुरुष – जितेन्द्रिय

136. इनमें से कौन सा वाक्य-प्रकार 'अर्थ की दृष्टि से किये गये वाक्य-भेद' के अंतर्गत नहीं आता है ?
(1) सरल वाक्य
(2) निषेधवाचक वाक्य
(3) इच्छाबोधक वाक्य
(4) प्रश्नबोधक वाक्य


adda247

137. 'लोकैषणा' शब्द में कौन सी स्वर संधि है ?
(1) दीर्घ (2) वृद्धि
(3) अयादि (4) गुण

138. इनमें से किस विकल्प में सही संधि नहीं हुई है ?
(1) कवि + ईश्वर = कवीश्वर
(2) समुद्र + ऊर्मि = समुद्रोर्मि
(3) मनु + अंतर = मन्वंतर
(4) पितृ + अनुमति = पित्रानुमति

139. इनमें से संधि की दृष्टि से कौन सा विकल्प गलत है ?
(1) सत् + चित् + आनन्द = सच्चिदानन्द
(2) देवी + अर्पण = देव्यर्पण
(3) भू + ऊर्ध्व = भूर्ध्व
(4) वाक् + मय = वाङ्गमय

140. इनमें से किस शब्द में तीन उपसर्गों का प्रयोग हुआ है ?
(1) सुव्यवस्थित (2) स्वागत
(3) निराकरण (4) सम्मेलन

141. इनमें से किस विकल्प में उपसर्ग का प्रयोग नहीं हुआ है ?
(1) हमदर्द (2) हमवतन
(3) हमलोग (4) हमराही

142. इनमें से किस शब्द में 'कृत्' प्रत्यय का प्रयोग हुआ है ?
(1) गँवार (2) कारक
(3) पांडव (4) माहात्म्य

143. 'हृदयहीन' शब्द इनमें से किस समास का उदाहरण है ?
(1) बहुव्रीहि
(2) अधिकरण तत्पुरुष
(3) कर्मधारय
(4) द्वन्द्व

144. इनमें से किस विकल्प में परस्पर विलोम शब्द नहीं हैं ?
(1) सम्मुख – अभिमुख
(2) उन्मीलन – निमीलन
(3) शुक्ल – कृष्ण
(4) सृष्टि – प्रलय

145. 'दूसरों पर आश्रित रहने वाला' वाक्यांश के लिए 'एक शब्द' है
(1) कृतकार्य (2) कृतज्ञ
(3) परावलम्बी (4) निराश्रित

146. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द अनेकार्थक शब्द 'ज्वाला' से संबद्ध नहीं है ?
(1) अग्निशिखा (2) लौ
(3) लपट (4) जाला

147. किस विकल्प में समानोच्चारित शब्दों का अर्थ–भेद सुमेलित नहीं है ?
(1) स्वर्ण – सवर्ण = उच्च वर्ण का – सोना
(2) दिवा – दीवा = दिन – दीया
(3) शूक – शुक = जौ – सुग्गा
(4) नियत – नियति = निश्चित – भाग्य

148. इनमें से किस विकल्प के सभी शब्द शुद्ध हैं ?
(1) उर्ध्व, इंदू दाइत्व
(2) गत्यवरोध, एक्य, निधी
(3) निर्दय, उर्मि, पोरोहित्य
(4) किरीट, अत्युक्ति, प्रागैतिहासिक

149. इनमें से किस विकल्प के सभी शब्द अशुद्ध हैं ?
(1) श्रंखला, अत्यधिक, अतिथि
(2) सदोपदेश, अनाधिकृत, निरानुनासिक
(3) पार्वतीय, व्यावहारिक, प्रकृती
(4) प्रतिक्षा, ज्योत्सना, पर्यवेक्षण

150. इनमें से किस विकल्प के सभी शब्द परस्पर पर्यायवाची नहीं हैं ?
(1) पाषाण, प्रस्तर, उपल
(2) पांचाली, कृष्णा, याज्ञसेनी
(3) कच, चिकुर, कुंतल
(4) मयूर, शिखी, शिलीमुख



adda247

## रफ कार्य के लिए स्थान